हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 7 जुलाई 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज


तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

2 8 वर्षीय बालिका का घर से अपहरण तीन घंटे बाद सकुशल बरामद




2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.c. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in


## लखनपुर क्षेत्र का मामला, खतरे के बीच पार कर रहे लोग नदी

# बारिश से बढ़ा नदी-नालों का जलस्तर, लोसंगा मार्ग पर पुलिया के ऊपर से बह रहा पानी



लोसंगा मार्ग पर पुलिया के ऊपर से बहता पानी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बारिश का मौसम शुरू होने के साथ ही अब जिले में नदी नाले भी उफान पर आ गए है। जिले में पिछले दो तीन दिनों से लगातार हो रही बर्ष के बाद अब पानी पुलियों के ऊपर से गुजर रहा है। ऐसे में लोग अपनी जान खतरे में डालकर आवागमन कर रहे है।

बता दें कि सरगुजा में पिछले दो तीन दिनों से बारिश का सिलसिला जारी है। ग्रामीण क्षेत्रों में बारिश के बाद नदी नाले उफान पर आ गये है और रपटा पुलिया से ऊपर बह रहा है। जिले के लखनपुर क्षेत्र में भी जल स्तर बढने से रपटा पुलिया के डूबने का वीडियो सामने आया है। लखनपुर से कटिन्दा, लोसंगा, लोसंगी होते हुए कुन्नी, लब्जी पहुंच मार्ग का पर ग्राम लोसंगा के समीप बहने वाले नदी में भारी बारिश के बाद अचानक जल स्तर बढ़ गया। जल स्तर बढने के बाद लोग तेज बहाव के बीच खतरे के साये में नदी पार करने लगे। जल का स्तर बढ़ने के बाद अब लोगो की परेशानी बढ़ गई है जहाँ अब लोग तेज बहाव के बीच नदी पार करते नजर आ रहे हैं। इस मार्ग से लगातार बड़ी संख्या में लोग लखनपुर के लिए आना जाना करते हैं जिसके बाद आज जल स्तर बढ़ जाने से लोगो को लखनपुर तक जाने तथा लखनपुर से कुन्नी या लब्जी की ओर वापस आने में काफ़ी मशक्कत का सामना करना पड़ा।लखनपुर से कुन्नी लब्जी पहुँच मार्ग सहित कटिन्दा से पंडरीपानी होते हुए नवापारा पहुँच मार्ग में स्थित नदी के पुलिया का नजारा भी बरसात के बाद यही है की यहाँ स्कूली बच्चों को स्कूल से अपने घर जाने के लिए भी डर के साये में पुलिया पार करना पड़ रहा है जहाँ पुलिया के ऊपर जलस्तर बढ़ने से तेज बहाव के कारण किसी दुर्घटना की आशंका लगातार बनी हुई है।

लोगो ने बताया की यह पुलिया काफ़ी पुराना है जिसके बाद इस पुलिया की स्थिति भी काफ़ी ख़राब है तथा बरसात के दिनों में इसके नीचे और ऊपर की तरफ़ खेत होने से बारिश का पूरा पानी बड़ी मात्रा में पुलिया के उपर से बहता है जिसके बाद लोगो को इसे पार कर दूसरी तरफ़ जाने में काफ़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है। लोगो ने यह भी माँग किया है की पुलिया का पुनर्निर्माण कर इसके स्तर को उठाया जाए ताकि बरसात के दिनों के इस रास्ते से आवाजाही करने वाले लोगो को परेशानी का सामना न करना पड़े।

## स्वामी आत्मानंद स्कूल में घुसा पानी स्कूल परिसर तालाब में तब्दील

**सेदम।** बतौली में भारी बारिश से राष्ट्रीय राजमार्ग 43 का पानी स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में घुस गया जिससे बच्चों सहित शिक्षकों में अफरा तफरी का माहौल निर्मित हो गया। स्कूल प्रबंधन ने स्थिति को देखते हुए बच्चों को छुट्टी दे दी गई है। बतौली में दोपहर 1 बजे से मूसलाधार बारिश से सड़क में पानी बहने लगा जिससे बारिश का पानी राष्ट्रीय राजमार्ग 43 शांतिपारा के बगल में संचालित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय परिसर होते हुए 10 कमरों में पानी भर गया। स्कूल परिसर एवं कक्ष में पानी भर जाने से शिक्षकों सहित बच्चों में अफरा तफरी का माहौल निर्मित हो गया था। शाला प्रबंधन द्वारा बच्चों को अन्य कक्ष में बैठाया गया लेकिन पूरा परिसर सहित स्कूल के कमरों में पानी भरने से तालाब जैसे हालत हो गए है। विद्यालय परिसर के तालाब में तब्दील होने का मुख्य कारण समय रहते जल निकासी की व्यवस्था नहीं कराई गई थी। समय रहते पानी निकासी की व्यवस्था नहीं की गई तो छात्र छात्राओं हेतु नियमित शालाओं का संचालन में दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। जिन कमरों में पानी भरा हुआ है वहां 6वीं, 7वीं, 8वीं,9वीं,10वीं की कक्षाएं संचालित की जा रही है जहां लगभग 250 छात्र छात्राएं अध्ययनरत है। अब कक्ष सहित विद्यालय परिसर में पानी लबालब भरा हुआ है। वर्तमान में विद्यालय में 600 लगभग छात्र छात्राएं अध्ययनरत है जिन्हें एक साथ बैठना संभव नहीं है। इस संबंध में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रसन्ना केरकेट्टा ने बताया कि बरसात का पानी पूरे परिसर में भर गया है। बच्चों को अन्य कक्षा में शिफ्ट किया गया। फिलहाल जेसीबी बुलाकर जल निकासी हेतु जगह बनाई जाएगी ताकि छात्र छात्राओं को शाला संचालन में दिक्कतों का सामना ना करना पड़े।

**एनएच के नाली बने शो पीस-** राष्ट्रीय राजमार्ग 43 शांतिपारा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, तहसील कार्यालय,बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय का संचालन एक ही जगह किया जा रहा है।बारिश होने पर इन कार्यालयों से निकले पानी सड़क सहित नीचे की ओर बहते है लेकिन सबसे अंतिम में स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय परिसर व कक्ष होने से सभी विभागों से निकले पानी व सड़क में बहते पानी शाला परिसर में भर गया जिससे स्कूल में पानी घुसने से अफरा तफरी मचा हुआ था।





# जंगली खुखड़ी पुटू खाकर एक ही परिवार के 9 लोग बीमार, 3 बच्चे भी शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर

बारिश का मौसम शुरू होने के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में जंगली मशरूम पुटु खाने वालों की संख्या बढ़ गई है।

■ सिविल हॉस्पिटल में कराया गया भर्ती, उपचार जारी

इस दौरान विषैला मशरूम खाकर लोग बीमार भी पड़ रहे है। जिले के मुरकौल में भी जंगली पुटु खाने के बाद फूड प्वाइजनिंग का मामला सामने आया है। पेट दर्द, उल्टी, दस्त की शिकायत पर 9 ग्रामीणों को उपचार के लिए सिविल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है जहां उनका इलाज जारी है। बीमारों में तीन बच्चे भी शामिल है। फूड प्वाइजनिंग के कारण दो लोगों को जिला अस्पताल रिफर किया गया है।

बताया जा रहा है कि मुरकौल इवासी महेंद्र राम व पलमा निवासी जयकरण के द्वार जंगल से जगली पुटू लाया गया था। परिवार के सदस्यों ने घर में जंगली मशरूम बनाकर खाया और जंगली मशरूम खाने के बाद सभी परिवार के सदस्यों की तबियत बिगड़ने लगी। परिवार के सदस्यों को पेट दर्द, उल्टी, दस्त की शिकायत थी। 9 ग्रामीणों की हालत बिगड़ने पर उन्हें उपचार के लिए सिविल हॉस्पिटल वाड्रफनगर में भर्ती कराया गया। इस दौरान बीएमओ डॉ. हेमंत दीक्षित के नेतृत्व में बीमारों का उपचार किया जा रहा है। फूड प्वाइजनिंग से बीमार पड़ने वालों में तीन बच्चे भी शामिल है। फिलहाल ग्रामीणों की हालत सामान्य बताई जा रही है लेकिन दो को बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रिफर गया है।

### ये हुए है बीमार

जंगली पुटू खाकर मुरकौल निवासी 35 वर्षीय महेंद्र आ. राम चन्दर, 6 वर्षीय प्रियांशु आ. महेंद्र, 37 वर्षीया शील कुमारी पति महेंद्र, 8 वर्षीय मिष्ठी आ. महेंद्र, 3 वर्षीय गोलू आ. महेंद्र व पलमा निवासी 20 वर्षीया सरिता आ. जयकरन, 22 वर्षीया रीता आ. जयकरन, 24 वर्षीय कविता आ. जयकरन, 65 वर्षीय जयकरन आ. रामपति को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बड़ी बात यह है कि बारिश में खुखड़ी पुटू की डिमांड बढ़ जाती है और महंगे दामों पर इसकी बिक्री होती है लेकिन जंगल में कई विषाक्त खुखड़ी पुटू भी मौजूद है और इनके सेवन से लोगों के बीमार पड़ने की सम्भावना बढ़ जाती है।

### चल रहा है उपचार

जंगली पुटू खाकर गांव के 9 लोग बीमार हुए है। बीमार लोगों को उपचार के लिए सिविल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों की निगरानी में ग्रामीणों का उपचार चल रहा है। सभी की स्थिति सामान्य है।

-डॉ. विजय सिंह
सीएमएचओ बलरामपुर

## खबर संक्षेप

### भ्रष्टाचार के आरोप में हटाए गए अंबिकापुर बीईओ

**अम्बिकापुर।** भ्रष्टाचार एवं तानाशाही की शिकायतें मिलने पर अंबिकापुर बीईओ प्रदीप राय को उनके पद से हटा दिया गया है। कलेक्टर सरगुजा अजीत बसंत ने विकासखण्ड कार्यालय अंबिकापुर में व्याप्त भ्रष्टाचार व तानाशाही की लंबी शिकायत के बाद कार्रवाई की है। बीईओ अंबिकापुर के विरूद्ध कई बार गंभीर शिकायतें मिली थी। शिकायत थी कि बीईओ कार्यालय में बिना पैसे के लेनदेन कोई कार्य नहीं होते। छोटे-छोटे कार्यों के लिए वहां पदस्थ बाबुओ द्वारा बेधड़क पैसों की मांग की जाती थी। आज कलेक्टर सरगुजा ने कार्रवाई करते हुए बीईओ प्रदीप राय को उनके पद से मुक्त कर दिया। अब उनके स्थान पर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी का दायित्व सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी ललित कुमार जब्बर सम्हालेंगे। प्रदीप राय को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय अटैच कर दिया गया है। साथ ही कलेक्टर सरगुजा के आदेश पर जिला शिक्षा अधिकारी सरगुजा एवं श्रीमती ऋतु साहू उप संचालक जिला पंचायत सरगुजा बीईओ कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं तानाशाही की शिकायतों की जांच करेंगे।

### मोड़ पर ब्रेक मारने से अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलटी स्कूली बस

**प्रतापपुर।** ग्राम पंचायत मसगा गांव में बारिश के दौरान ब्रेक मारने के बाद टर्निंग में फिसलने के कारण स्कूली बस अनियंत्रित होकर सकरे रास्ते खेत में पलटी गई। बताया जा रहा है कि एचीवर्स इंटरनेशनल स्कूल के 20 से 25 स्कूली बच्चे बस में सवार थे जिनको सुरक्षित वाहन से निकाला गया। इधर स्कूली बस के खेत में पलट जाने से बच्चों में अफरा तफरी का माहौल निर्मित हो गया। घटना के बाद स्कूली बच्चों को ग्रामीण एवं परिजन प्रतापपुर अस्पताल पहुंचे, जहां बच्चों को मामूली चोट आने पर प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने बच्चों की छुट्टी कर दी है।

### युवक ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**अम्बिकापुर।** राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम धंधापुर निवासी दीपचंद उइके (23 वर्ष) अपने छोटे भाई नान्हू व बहू के साथ पुराने घर में रहता था तथा 2 जुलाई को नान्हू जंगल गया था और शाम को घर पहुंचा तो बड़े भाई द्वारा कमरे में फांसी लगाने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की जानकारी लगने पर नान्हू अस्पताल गया तो चिकित्सकों ने दीपचंद को रेफर कर दिया। परिजन युवक को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां गत दिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

# 13 सालों से शहर में छिपा था गैंगस्टर सब्बीर चला रहा था बस और एम्बुलेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

■ बस संचालक ने दी पनाह, जांच में पुष्टि के बाद पुलिस ने दर्ज किया अपराध



गैंग्स ऑफ वासेपुर के गैंगस्टर सब्बीर आलम ने सरगुजा में भी अपना एक साम्राज्य खड़ा कर दिया था। दोहरे हत्याकांड के मामले में पुलिस कस्टडी से फरार होने के बाद आरोपी अपने साथी के साथ शहर में पिछले 13 सालों से रह रहा था। इस दौरान उसने शहर में आलीशान मकान बनाने के साथ ही बस व एम्बुलेंस संचालन का काम भी किया। बड़ी बात यह है कि गैंगस्टर को शहर में इतने वर्षों से संरक्षण दिया जा रहा था। आरोपी की पहचान छिपाने के साथ ही शहर के बस के संचालक ने ना सिर्फ उसे पनाह दी बल्कि उसके साथ पार्टनरशिप भी किया। अब इस मामले का खुलासा होने के बाद पुलिस ने बस संचालक और उसके साथियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर दिया है।

बता दें कि झारखंड के गैंगस्टर सब्बीर आलम और उसके साथी को गिरफ्तार करने के लिए 3 जुलाई को धनबाद की पुलिस गिरफ्तार करने के लिए आई थी। आरोपी सब्बीर आलम और उसके साथी पर गैंग्स ऑफ वासेपुर के डॉन फहीम खान की मां और चाची की हत्या का आरोप था। हालांकि जब धनबाद पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए रिंग रोड मोनीनपूरा स्थित घर में छापा मारा तो मौके पर मौजूद लोगों के विरोध का फायदा उठाकर आरोपी भाग निकला था इस बीच कई चौकाने वाली जानकारी सामने आई है। वर्ष 2013 में पुलिस कस्टडी से फरार होने के बाद आरोपी सब्बीर आलम अपने साथी जावेद खान के साथ शहर के मोमीनपुरा में रह रहा था। इस दौरान आरोपी को मोमीनपुरा निवासी बस संचालक बैदुल खान दवारा संरक्षण दिया गया। धनबाद से फरार होने के बाद सब्बीर आलम को वैदुल खान द्वारा यह जानते हुए भी पनाह दी गई कि सब्बीर गैंगस्टर है और उसपर दो हत्याओं का आरोप है। कोर्ट से उसके खिलाफ कुर्की का आदेश है और पुलिस लगातार उसे खोज रही है। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने अब बस संचालक वैदुल खान और अन्य लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 249 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है और मामले की जांच चल रही है।

### पार्टनरशिप में चल रहा था कारोबार

गैंगस्टर सब्बीर आलम और बस संचालक वैदुल खान के बीच वर्षों से पार्टनर शिप की बात सामने आई है। जांच में यह बात सामने आई है कि वैदुल खान ने ना सिर्फ गैंगस्टर को पनाह दी और उसकी पहचान छिपाई बल्कि उसके साथ पार्टनरशिप में कारोबार भी किया। दोनों के पार्टनरशिप में दो बसें, 40 एम्बुलेंस, सिलाई दुकान का कारोबार चल रहा था। इस दौरान सब्बीर आलम ने शहर में अपना एक आलीशान मकान भी बनाया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि गैंगस्टर सब्बीर आलम और उसके सहयोगी जावेद खान को संरक्षण देने और उसके साथ सहयोग करने वालों की पहचान की जा रही है।

### आजीवन कारावास व संपत्ति कुर्की का है आदेश

बता दें कि झारखंड वासेपुर के गैंगस्टर सब्बीर आलम ने अपने भाई व साथियों के साथ मिलकर डॉन फहीम खान की मां नाजमा खातून और चाची शहनाज खातून की 18 अक्टूबर 2001 को धनबाद के डायमंड क्रासिंग के पास गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटना के दौरान दोनों महिलाएं बाजार से लौट रही थी। इस हत्या के मामले में गैंगस्टर सब्बीर आलम, शाहिद आलम सहित सात आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। दोहरे हत्याकांड की सुनवाई झारखंड के हाईकोर्ट में चल रही थी और वर्ष 2018 में कोर्ट ने शाहिद आलम व अन्य आरोपियों को उम्र कैद की सजा सुनाई है लेकिन इसके पहले वर्ष 2013 में सुनवाई के दौरान कोर्ट से पुलिस को चमका देकर सब्बीर आलम फरार हो गया था। इस मामले में सब्बीर आलम और उसके सहयोगी को झारखंड के हाईकोर्ट ने भगोड़ा घोषित करते हुए आजीवन कारावास की सजा दी थी और संपत्ति कुर्की का भी आदेश दिया गया था।

### चल रही है जांच

गैंगस्टर को पनाह देने और उसके साथ पार्टनरशिप में करने के मामले में अपराध दर्ज किया गया है। आरोपी बस संचालक और उसके सहयोगियों की जांच चल रही है। जांच के आधार पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

-राजेश अग्रवाल, एसएसपी





अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KORBA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
सेकेण्ड फ्लोर, एस.एस. प्लाजा, पावर हाउस रोड, कोरबा (छ.ग.)
89595-93920 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### डीजीपी अरुणदेव ने किया पौधरोपण



**बैकुण्ठपुर।** कोरिया पहुंचे छग के पुलिस महानिदेशक अरूणदेव गौतम ने अपने प्रवास के दौरान भारत सरकार के एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन परिसर में पौधरोपण किया। इस दौरान सरगुजा रेंज के पुलिस महानिरीक्षक दीपक झा ने भी पौधरोपण किया। आयोजित कार्यक्रम में कोरिया एसपी रवि कुमार कुर्रे, एएसपी डॉ. सुरेशा चौबे सहित जिले के पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

### कलेक्टर बलवीर रमन ने पदभार संभाला

**अनूपपुर।** राज्य प्रशासनिक सेवा 2016 बैच के अधिकारी बलवीर रमन ने अपर कलेक्टर का पदभार ग्रहण कर लिया है। नवागत अपर कलेक्टर बलवीर रमन छतरपुर जिला से स्थानांतरित होकर अनूपपुर जिला आए हैं। इसके पूर्व उन्होंने सतना, कटनी, रीवा, डिंडोरी जिलों में प्रशासनिक दायित्व का निर्वहन किया है।

### ट्रांसफार्मर खराब, कई दिनों से अंधेरे में गांव

**बैकुण्ठपुर।** जिले के ग्राम छरछा बस्ती में ट्रांसफार्मर खराब होने से ग्रामीणों को पिछले कई दिनों से बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में जनपद सदस्य एवं सभापति संचार तथा संकर्म समिति गणेश राजवाड़े ने कनिष्ठ अभियंता, विद्युत मंडल बैकुंठपुर को आवेदन सौंपकर शीघ्र ट्रांसफार्मर बदलने की मांग की है। छरछा बस्ती गांव के समीप लगा ट्रांसफार्मर आकाशीय बिजली के चपेट में आने से खराब हो जाने के कारण चार से पांच दिनों से बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित है। ग्रामीणों को पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाओं में वंचित होना पड़ रहा है। जनपद सदस्य श्री राजवाड़े ने विद्युत विभाग से मांग की है कि जनहित को देखते हुए खराब ट्रांसफार्मर को तत्काल बदलकर बिजली आपूर्ति बहाल की जाए, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके।

### दो कमरों में संचालित हो रहे कंप्यूटर कॉलेज

**बिजुरी।** नगर एवं आसपास के क्षेत्र में संचालित अधिकांश निजी कंप्यूटर कॉलेजों की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के कई संस्थान सीमित संसाधनों और महज दो कमरों में संचालित किए जा रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार की इन संस्थानों में न तो पर्याप्त कक्षाओं की व्यवस्था है और न ही पर्याप्त आधुनिक कंप्यूटर लैब, पुस्तकालय, प्रायोगिक सुविधाएं पर्याप्त मात्रा में नहीं है। अथवा अन्य आवश्यक शैक्षणिक संसाधन की उपलब्धता नहीं हैं। इसके बावजूद संस्थानों में विद्यार्थियों का प्रवेश लेकर नियमित रूप से कक्षाएं संचालित किए जाने का दावा किया जा रहा है जो समझ से परे हैं।

### पोड़ीडीह में लेटरल एंट्री से प्रवेश

**बैकुंठपुर।** भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय तथा राष्टीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति, नई दिल्ली के अधीन संचालित पीएम श्री एकलव्य आदर्श सह-शैक्षणिक आवासीय विद्यालय, पोड़ीडीह, विकासखंड खड़गवां, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (एमसीबी) ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए लेटरल एंट्री के माध्यम से कक्षा 7 वीं एवं 11 वीं की रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। विद्यालय प्रबंधन द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार इच्छुक एवं पात्र छात्र-छात्राएं निर्धारित प्रारूप में ऑफलाइन आवेदन कर प्रवेश प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं। जारी सूचना के अनुसार विद्यालय में कक्षा 7 वीं में कुल 3 रिक्त सीटें उपलब्ध हैं, जिनमें 1 बालक एवं 2 बालिकाओं को प्रवेश दिया जाएगा। वहीं कक्षा 11 वीं में कुल 4 रिक्त सीटें हैं, जिनमें 3 बालक एवं 1 बालिका का चयन किया जाएगा।

## घटनास्थल का एसपी ने किया निरीक्षण, आरोपी की तलाश जारी

# 8 वर्षीय बालिका का घर से अपहरण तीन घंटे बाद सकुशल बरामद



घटनास्थल का निरीक्षण करते एसपी रवि कुर्रे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगर

जिले के चरचा थाना क्षेत्र के एक गांव में रविवार देर रात एक 8 वर्षीय बालिका के अपहरण की कोशिश का सनसनीखेज मामला सामने आया। कोरिया पुलिस की त्वरित कार्रवाई, घेराबंदी और लगातार तलाश अभियान के चलते आरोपी बालिका को करीब तीन घंटे बाद छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गया। बालिका सुरक्षित परिजन को मिल गई है।

जानकारी के अनुसार उमझर गांव में 5-6 जुलाई की दरम्यिानी रात करीब 2 बजे अपनी नानी के साथ घर में सो रही थी। इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति पीछे का दरवाजा खोलकर घर में घुसा और नानी को धमकाते हुए बालिका को जबरन उठाकर ले गया। परिजन की चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तलाश शुरू करने के साथ ही डायल 112 व चरचा पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी आनंद सोनी, एसआई अनिल सोनवानी, प्रधान आरक्षक अमित त्रिपाठी, आरक्षक प्रेमलाल साहू तत्काल मौके पर पहुंचे और चारों ओर घेराबंदी कर सघन खोज अभियान शुरू किया। पुलिस के लगातार दबाव और तलाश के चलते आरोपी बालिका को घर से लगभग एक किमी दूर छोड़कर फरार हो गया। ग्रामीणों और पुलिस ने काफी दूर तक उसका पीछा किया, लेकिन अंधेरा और बारिश के कारण वह पकड़ में नहीं आ सका। बालिका को सकुशल बरामद कर परिजन के सुपुर्द कर दिया गया। मामले में चरचा पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध अपराध क्रमांक 101/2026 धारा 64, 62, 137 (2), 75 ,76, 74, 331(6), बीएनएस एवं 8, 11 पाक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### अलसुबह घटनास्थल पहुंचे एसपी

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे सोमवार अलसुबह करीब 6 बजे पीड़ति परिवार के घर पहुंचे। उन्होंने पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली तथा बच्ची के बरामदगी स्थल का भी निरीक्षण किया। इसके बाद थाना प्रभारी को आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

### तलाश जारी है

आरोपी के हुलिये के आधार पर आसपास के सभी गांवों में पतासाजी कराई जा रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

-रवि कुर्रे
एसपी कोरिया

### नौगई कांड जैसी धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार

जिले के ग्राम पंचायत सोनहत में महिला सरपंच और पंचायत प्रतिनिधियों को नौगई कांड करने की धमकी देने के मामले में सोनहत पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले में एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार 30 जून को पंचायत भवन सोनहत में पंच, सरपंच और सचिव की बैठक चल रही थी। इसी दौरान जयकरन साहू अपने निजी बोर के भुगतान की मांग को लेकर पहुंचा। सरपंच द्वारा पंचायत की स्वीकृति के बिना भुगतान नहीं किए जाने की बात कहने पर उसने कथित रूप से महिला सरपंच के साथ जातिसूचक टिप्पणी करते हुए गाली-गलौज की और मारपीट की धमकी देकर चला गया। कुछ देर बाद उसका भतीजा राजेन्द्र प्रसाद साहू उम्र 50 वर्ष निवासी सोनहत पंचायत भवन पहुंचा। आरोप है कि उसने सरपंच, सचिव और अन्य पंचों के साथ गाली-गलौज करते हुए नौगई कांड करने की धमकी दी। पीड़िता की लिखित शिकायत पर थाना सोनहत में अपराध क्रमांक 72/2026 के तहत बीएनएस की धारा 296, 351 (3) तथा एससी-एसटी एक्ट की धारा 3 (1) (फ) (र) के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक कोरिया रवि कुमार कुर्रे के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेशा चौबे के मार्गदर्शन में, डीएसपी मुख्यालय आशा सेन और थाना प्रभारी विनोद पासवान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने साइबर सेल की सहायता से मोबाइल लोकेशन के आधार पर घेराबंदी कर आरोपी राजेन्द्र प्रसाद साहू को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी को विशेष न्यायालय बैकुंठपुर में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि मामले के दूसरे आरोपी की तलाश जारी है और उसे भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।



आरोपी



### सड़कों के गड्ढे भरने और जलभराव दूर करने श्रमदान

**कोरिया कॉलरी।** नगर क्षेत्र में बारिश के दौरान सड़कों पर बने गड्ढों और जलभराव से लोगों को हो रही परेशानी को देखते हुए समाजसेवी रणकुमार, रवि कुजूर और उनकी टीम ने श्रमदान कर राहत कार्य शुरू किया। टीम ने विभिन्न स्थानों पर सड़कों के गड्ढों को भरने के साथ ही जमा बारिश का पानी निकालकर आवागमन को सुगम बनाने का प्रयास किया।

- समाजसेवियों के पहल से राहगीरों को राहत

समाजसेवियों ने बताया कि उनका उद्देश्य आम नागरिकों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराना और जनहित में अपनी जिम्मेदारी निभाना है। इस दौरान लोगों से भी सामाजिक कार्यों में सहभागिता बढ़ाने की अपील की गई। समाजसेवी रणकुमार ने कहा कि यदि प्रशासन अपनी जिम्मेदारियों का प्रभावी ढंग से निर्वहन नहीं कर पा रहा है, तो नागरिकों को भी समाजहित में आगे आना चाहिए। केवल शिकायत करने से समस्याओं का समाधान नहीं होगा, बल्कि जनसहभागिता से ही सकारात्मक बदलाव संभव है। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयासों से लोगों को तत्काल राहत मिलती है और प्रशासन का ध्यान भी क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं की ओर आकर्षित होता है।



## पीएम श्री स्कूल के मानकों की तर्ज पर विकसित होगा विद्यालय



**बैकुंठपुर।** कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने बैकुंठपुर स्थित मॉडल गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल, जिसे प्रस्तावित शासकीय स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में विकसित किया जाना है, का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने विद्यालय में उपलब्ध अधोसंरचना, कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय, खेल सुविधाओं एवं अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद भी किया। उन्होंने बच्चों से सामान्य अध्ययन एवं गणित से जुड़े प्रश्न पूछे, जिस पर बच्चों ने उत्साहपूर्वक 21 से 25 तक के पहाड़े सुनाए। बच्चों की सीखने की क्षमता की सराहना करते हुए कलेक्टर ने शिक्षकों को निर्देशित किया कि वे प्रतिदिन बच्चों के साथ 5 छोटे-छोटे सामान्य ज्ञान के प्रश्नों पर चर्चा करें, ताकि उनकी जिज्ञासा, सामान्य ज्ञान एवं आत्मविश्वास में निरंतर वृद्धि हो सके। कलेक्टर ने शिक्षकों को यह भी निर्देश दिए कि बच्चों में पुस्तकालय में नियमित अध्ययन की आदत विकसित की जाए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को प्रतिदिन पुस्तकालय का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जाए, जिससे उनमें पढ़ने की रुचि बढ़े, भाषा कौशल विकसित हो तथा ज्ञान का दायरा विस्तृत हो। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कहा कि विद्यालय को राष्टीय शिक्षा नीति (एनईपी-2020) तथा पीएम श्री स्कूल के मानकों के अनुरूप विकसित करने की दिशा में कार्य किया जाएगा। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण, समावेशी एवं तकनीक आधारित शिक्षा उपलब्ध कराना है, ताकि ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों को भी आधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने विद्यालय में स्मार्ट क्लास रूम, डिजिटल शिक्षण संसाधन, विज्ञान एवं गणित प्रयोगशालाएं, ई-लाइब्रेरी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), रोबोटिक्स, कोडिंग एवं स्टेम आधारित नवाचार प्रयोगशालाओं जैसी सुविधाओं के विकास की संभावनाओं का अवलोकन किया। साथ ही खेल, योग, संगीत, कला, कौशल विकास एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देने पर भी विशेष जोर दिया। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रस्तावित उत्कृष्ट विद्यालय के लिए तैयार की जाने वाली कार्ययोजना में दिव्यांगजन अनुकूल अधोसंरचना, स्वच्छ पेयजल, आधुनिक शौचालय, स्वास्थ्य कक्ष, हरित परिसर, सौर ऊर्जा, वर्षा जल संचयन, सीसीटीवी सुरक्षा एवं डिजिटल विद्यालय प्रबंधन प्रणाली जैसी आवश्यक सुविधाओं को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित शासकीय स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट विद्यालय भविष्य में जिले में गुणवत्तापूर्ण विद्यालयी शिक्षा का एक आदर्श मॉडल बनेगा। यह संस्थान विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, नवाचार, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नेतृत्व क्षमता तथा नैतिक मूल्यों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और जिले के अन्य विद्यालयों के लिए प्रेरणास्त्रोत एवं मार्गदर्शक के रूप में विकसित होगा।

### दो समूह में विचरण कर रहे चार हाथी कई घरों को पहुंचाया नुकसान

**बिजुरी।** जिले के अनूपपुर और जैतहरी वन क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह से चार हाथियों की मौजूदगी ग्रामीणों के लिए चिंता का कारण बनी हुई है। मिली जानकारी अनुसार इनमें तीन हाथियों का एक दल साथ-साथ विचरण कर रहा है, जबकि एक नर हाथी अलग होकर विभिन्न गांवों में नुकसान पहुंचा रहा है। हाथी दिन में जंगलों में विश्राम करते हैं और रात होते ही आबादी वाले क्षेत्रों में पहुंचकर मकानों तथा खेतों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। तीन हाथियों का दल 2 जुलाई की रात खांड़ा गांव पहुंचा, जहां के मकान को आठवीं बार क्षतिग्रस्त कर दिया। इसी तरह से हाथियों अन्य जगह के घर में रखा अनाज खाया तथा रसोईघर और गौशाला की दीवार भी तोड़ दी। इसके बाद हरी पंचायत के भगतबांध गांव पहुंचा, जहां कई किसानों के खेतों एवं बाड़ियों में लगी फसल और सब्जियों को नुकसान पहुंचाया। शनिवार को यह दल भोलगढ़ और खांड़ा के बीच जंगल में रुका रहा। वहीं अलग विचरण कर रहा बड़ा नर हाथी पड़रिया, धनगवां, कुसुमहाई, कुकुरगोंड़ा, बचहा और चोलना क्षेत्र में लगातार उत्पात मचाता रहा। उसने कई ग्रामीणों के मकानों में तोड़फोड़ करने के साथ खेतों और बाड़ियों में लगी फसलों को नुकसान पहुंचाया।

## वीबी जी रामजी के लाभ से अवगत होंगे ग्रामीण

### आज योजना अंतर्गत पहला रोजगार सह आवास दिवस



**बैकुंठपुर।** विकसित भारत के संकल्प को लेकर ग्रामीण विकास में परिवर्तन करने के लिए लागू की गई वीबीजीरामजी योजना अब पूरे उत्साह के साथ ग्रामीण अकुशल श्रमिकों को रोजगार के ज्यादा अवसर प्रदान करने के लिए उपलब्ध है।

इस कड़ी में 7 जुलाई को नवीन योजना वीबीजीरामजी के अंतर्गत पहला रोजगार सह आवास दिवस आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर रोक्तिमा यादव ने सभी ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों की ज्यादा से ज्यादा सहभागिता के बीच रोजगार सह आवास दिवस मनाए जाने के निर्देश जारी किए हैं। जिले में प्रगतिरत प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्यो को जल्द से जल्द पूर्ण कराने के लिए रोजगार सह आवास दिवस पर हितग्राहियों के साथ पंचायत की टीम चर्चा करेगी। इसमें संसाधनों की आपूर्ति, जियो टैगिंग, लंबित किश्त भुगतान जैसे सभी विषय शामिल होंगे। साथ ही गांव में डीलर दीदी बनाने की दिशा में आवश्यक प्रोत्साहन एवं पहल की जाएगी ताकि हितग्राहियों को संसाधन जल्द उपलब्ध हो सकें और महिलाएं स्वरोजगार की दिशा में सक्षम हों।

#### समस्याओं एवं शिकायतों का त्वरित समाधान

जिपं सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि 7 जुलाई को आयोजित होने वाले रोजगार एवं आवास दिवस में कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव के निर्देशानुसार प्रत्येक योजना की समस्याओं और शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई भी की जाएगी, जिससे आम ग्रामीणों को मौके पर ही समस्याओं का हल मिल सके। साथ ही जिन विषयों पर ग्राम पंचायत स्तर पर कार्रवाई किया जाना है उसके संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

#### विकसित भारत जीरामजी

अकुशल श्रमिकों को एक सौ पच्चीस दिवस रोजगार की गारंटी देने वाली वीबीजीरामजी योजना के तहत श्रमिकों को कार्य की मांग, कार्य का आवंटन, ग्राम पंचायतों की कार्यप्रणाली से लेकर मजदूरी भुगतान व अन्य लाभों के बारे में विस्तार से अवगत कराया जाएगा। साथ ही मांग करने वाले परिवारों को कार्य की उपलब्धता, मनरेगा के अपूर्ण कार्यों की पूर्णता, लंबित जियो टैगिंग, ईकेवाईसी पर भी चर्चा की जाएगी। आम ग्रामीणों को क्यू आर कोड पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

# दुग्ध उत्पादन, ड्रोन तकनीक और नवीन पैक्स समितियों को सशक्त बनाने पर विशेष जोर

हरिभूमि न्यूज. बैकुंठपुर



भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय के निर्देशानुसार 29 जून से 6 जुलाई तक आयोजित किए जा रहे सहकारिता सप्ताह के सफल आयोजन एवं सहकारी गतिविधियों के विस्तार के उद्देश्य से 6 जुलाई को कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में एआरसीएस, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के नोडल अधिकारी, उप संचालक कृषि, पशुपालन विभाग, मत्स्य विभाग, खाद्य विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सहकारिता सप्ताह के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा करते हुए विभागवार कार्ययोजना पर चर्चा की गई तथा सभी अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर श्रीमती यादव ने कहा कि सहकारिता सप्ताह का उद्देश्य सहकार से समृद्धि की भावना को जन-जन तक पहुंचाना तथा सहकारी क्षेत्र की उपलब्धियों एवं योगदान को प्रदर्शित करना है। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों में अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए तथा जागरूकता अभियान, पौधरोपण, स्वास्थ्य शिविर एवं अन्य गतिविधियों का प्रभावी आयोजन किया जाए। बैठक में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों को कॉमन सर्विस सेंटर के रूप में विकसित कर उनकी आय बढ़ाने की संभावनाओं की समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी समितियों को अधिकाधिक डिजिटल सेवाओं से जोड़ते हुए किसानों एवं ग्रामीणों को एक ही स्थान पर विभिन्न शासकीय सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जाए। साथ ही पैक्स पुर्नगठन योजना-2025 के अंतर्गत गठित नवीन समितियों के लिए कार्यालय-सह-गोदाम भवन निर्माण के लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए गए, जिससे किसानों को खाद, बीज एवं ऋण वितरण जैसी सुविधाएं सुचारू रूप से उपलब्ध कराई जा सकें। बैठक में दुग्ध विकास एवं पशुपालन विभाग की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने जिले में दुग्ध उत्पादन की संभावनाओं का विस्तृत आकलन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संभावनाशील क्षेत्रों में दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों का गठन किया जाए तथा राज्य के दुग्ध संघ देवभोग से समन्वय स्थापित कर जिले में दूध संग्रहण केन्द्र विकसित किए जाएं। इसके साथ ही स्वयं सहायता समूहों, महिला समूहों एवं सहकारी समितियों द्वारा घी, पनीर, दही सहित अन्य दुग्ध उत्पादों के निर्माण की संभावनाओं का सर्वेक्षण कर विस्तृत परियोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए, ताकि ग्रामीण महिलाओं की आय में वृद्धि के साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित हो सकें। बैठक में उप संचालक कृषि को जिले में ड्रोन आधारित कृषि सेवाओं को बढ़ावा देने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि नैनो तरल उर्वरकों के ड्रोन के माध्यम से छिड़काव की संभावनाओं का आकलन किया जाए तथा जिले में ड्रोन दीदी तैयार करने की कार्ययोजना बनाई जाए। उन्होंने किसानों को ड्रोन तकनीक के लाभों कम समय में बड़े क्षेत्र में समान रूप से उर्वरक का छिड़काव, लागत एवं समय की बचत तथा उर्वरकों के बेहतर उपयोग से अवगत कराने और व्यापक जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश भी दिए। बैठक में सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि सहकारिता सप्ताह के दौरान निर्धारित कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए नियमित रूप से प्रगति की समीक्षा करें तथा विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर जिले में सहकारी आंदोलन को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में कार्य करें। कलेक्टर ने कहा कि सहकारिता केवल एक व्यवस्था नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने का प्रभावी माध्यम है और इसके माध्यम से किसानों, महिलाओं एवं ग्रामीण युवाओं की आय में उल्लेखनीय वृद्धि की जा सकती है।

## पूनम बनीं जोन चेयरपर्सन, तीन लायंस क्लब की मिली जिम्मेदारी



**मनेन्द्रगढ़।** समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय एवं समर्पित कार्यकर्ता लायन पूनम सिंह को लायंस क्लब इंटरनेशनल के नवीन सत्र 2026-27 के लिए जोन चेयरपर्सन नियुक्त किया गया है। इस महत्वपूर्ण दायित्व के अंतर्गत अब उनके मार्गदर्शन एवं देखरेख में लायंस क्लब मनेन्द्रगढ़ प्राइड, लायंस क्लब मनेन्द्रगढ़, लायंस क्लब चिरमिरी वरदान कार्य करेंगे।

गौरतलब है कि सत्र 2025-26 में लायन पूनम सिंह ने लायंस क्लब मनेन्द्रगढ़ प्राइड की अध्यक्ष के रूप में सफलतापूर्वक अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया था। उनके नेतृत्व में क्लब द्वारा अनेक सामाजिक, स्वास्थ्य एवं जनसेवा से जुड़े कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया। उनके उत्कृष्ट नेतृत्व, सक्रिय कार्यशैली एवं सेवा भाव को देखते हुए संगठन ने उन्हें इस वर्ष और बड़ी जिम्मेदारी सौंपते हुए जोन चेयरपर्सन नियुक्त किया है। जोन चेयरपर्सन के रूप में वे तीनो क्लबों की गतिविधियों का समन्वय, सेवा परियोजनाओं की निगरानी, सदस्यता विस्तार, नेतृत्व विकास तथा विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के प्रभावी संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। उनकी नियुक्ति से पूरे जोन में सेवा कार्यों को नई दिशा और गति मिलने की उम्मीद है। लायन पूनम सिंह ने इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### बच्चों के लिए 11 को जांच शिविर

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अल्का तिवारी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, एससीईएल 'धड़कन' योजना, सत्य साई हॉस्पिटल रायपुर एवं लायंस क्लब अनूपपुर के संयुक्त तत्वावधान में जन्मजात हृदय रोग से पीड़ति बच्चों के लिए विशेष हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन 11 जुलाई शनिवार को जिला अस्पताल अनूपपुर की नई बिल्डिंग के कक्ष क्रमांक- 09 में किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### भारतीय किसान संघ की हुई तहसील स्तरीय बैठक

**बलरामपुर।** भारतीय किसान संघ की कुसमी एवं सामरी में तहसील स्तर की बैठक आयोजित की गई। बैठक में तहसील स्तर के सभी किसान संघ के पदाधिकारी व सदस्य शामिल हुए भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष राम नरेश कुशवाहा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कुसमी एवं सामरी के सभी किसानों ने अपनी अपनी समस्याओं की अवगत कराया। साथ ही समस्या के निराकरण के विषय में चर्चा की। बैठक में नए कार्यकारिणी की गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से कुसमी तहसील के लिए तहसील अध्यक्ष करमचंद मुंडा, उपाध्यक्ष मुनेश कुजूर, मंत्री सरोज श्याम प्रसाद, सहमंत्री भोलाराम, कोषाध्यक्ष श्याम कुशवाह, सह कोषाध्यक्ष संदीप कुमार ,कार्यकारिणी सदस्य में संतोष कुशवाहा, कृष्ण खैरवार, शैलेश तिर्की को नियुक्त किया गया। इसी तरह सामरी में भी बैठक आयोजित कर सर्वसम्मति सामरी तहसील के लिए अध्यक्ष मिथिलेश कुमार यादव, महामंत्री रुद्रेश्वर यादव, कोसा अध्यक्ष रामलाल गुप्ता, प्रचार प्रसार प्रमुख रामविलास नागवंशी को नियुक्त किया गया। नव नियुक्त पदाधिकारियों ने अपने अपने जिम्मेदारियां को निष्ठा पूर्वक निर्वहन करने की बात कहीं। बैठक में बड़ी संख्या में किसान के अलावा जिला स्तर के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### सामूहिक अवकाश की मांग को लेकर सचिव संघ ने सौंपा ज्ञापन



**राजपुर।** सचिव दिवस पर पंचायत सचिव संघ ने सामूहिक अवकाश दिए जाने की मांग को लेकर पंचायत सचिव संघ ने अध्यक्ष अशोक गुप्ता के नेतृत्व में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय दुबे को ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि प्रदेश पंचायत सचिव संघ प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 7 जुलाई को राजपुर जनपद सभा कक्ष में सचिव दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में विकासखंड के सभी पंचायत सचिवों की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 7 जुलाई को सामूहिक अवकाश स्वीकृत करने का अनुरोध किया गया है। सचिव संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि सचिव दिवस का उद्देश्य पंचायत सचिवों के बीच संगठनात्मक एकता, आपसी सहयोग तथा विभिन्न सेवा संबंधी मुद्दों पर विचार-विमर्श करना है। इस अवसर पर संगठन की मजबूती एवं पंचायत सचिवों के हितों से जुड़े विषयों पर भी चर्चा की जाएगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान पंचायत सचिव संघ के अध्यक्ष अशोक गुप्ता, कृष्णानंद तिवारी, सुनील तिवारी सहित बड़ी संख्या में पंचायत सचिव उपस्थित रहे।

### फांसी पर लटका मिला लापता ग्रामीण का सड़ा-गला शव

**दरिमा।** पिछले एक पखवाड़े से लापता ग्राम बरगई निवासी राजकुमार पिता सबल सिंह (53वर्ष) का सड़ा-गला शव सड़क किनारे एक पुराने खाली मकान में फांसी पर लटका मिला है। खण्डहर हो चुके घर से दुर्गंध आने पर कुछ ग्रामीण वस्तुस्थिति का पता लगाने पहुंचे तो ग्रामीण का शव फांसी पर लटका मिला। इसकी जानकारी मिलने पर सरपंच एवं ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर तत्काल पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। शव में सड़न होने के कारण कपड़े से मृतक की पहचान की गई। पुलिस ने शव को उतारकर पीएम के लिए भेजा है।

#### आईजी को सौंपा ज्ञापन, वायरल ऑडियो

# गिरफ्तारी और कार्रवाई की मांग को लेकर कांग्रेस ने निकाली न्याय रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सोमवार को कांग्रेस ने भारी बारिश के बीच आईजी कार्यालय तक न्याय रैली निकाली। भारी बारिश के बीच भीगते हुए कांग्रेस नेता व पदाधिकारियों ने रैली निकाली व आईजी को ज्ञापन सौंप कार्रवाई की मांग की। कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक, पूर्व कैबिनेट मंत्री अमरजीत भगत एवं ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद के नेतृत्व में सैकडो की संख्या में कांग्रेस के महिला और पुरुष पदाधिकारी और कार्यकर्ता सत्ता शासन के विरुद्ध नारे लगाते हुए रैली में शामिल हुए। कला केन्द्र मैदान के आवंटन में भ्रष्टाचार, भिट्ठीकला जमीन घोटाले में एफआईआर और शासकीय कर्मचारी के साथ मारपीट के मामले में सीतापुर विधायक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर कांग्रेस ने अपनी न्याय यात्रा निकाली थी। आईजी दीपक झा से मुलाकात के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि भिट्ठीकला जमीन घोटाले में 16 जून को कलेक्टर ने 6 लोगों के विरुद्ध अपराध दर्ज करने के लिए तहसीलदार को निर्देशित किया था, जिसपर आजतक अपराध कायम नहीं हुआ है। अब सुनने में आ रहा है कि सत्ता शासन के दबाव में कलेक्टर सभी पक्षों को बिठाकर समझौता करा रहे हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि पूरे जिले में सत्ता संरक्षण में स्थानीय और बाहर से आए हुए जमीन दलालों ने आतंक मचा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर पुलिस भाजपाईयों से जुडे मामलों में निष्पक्षता से कार्रवाई नहीं करेगी तो कांग्रेस भाजपा के मुख्यमंत्री से लेकर मंत्रियों तक के सरगुजा आगमन के दौरान उनका विरोध करेगी। पूर्व केबिनेट मंत्री अमरजीत भगत ने प्रशासनिक अधिकारी के साथ मारपीट के मामले में विधायक रामकुमार टोप्पो की अब तक गिरफ्तारी नहीं होने का मुद्दा आईजी के समक्ष उठाया। उन्होंने कहा कि इस घटना के बाद इस घटना दुष्प्रभाव सीतापुर क्षेत्र के शासकीय कर्मचारियों में देखने को मिल रहा है। कला केंद्र मैदान के आबंटन में भ्रष्टाचार को लेकर निगम में नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने आईजी से चर्चा में कहा कि इस मामले में स्वयं महापौर की शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं होना बडे प्रश्न खडे करता है। उन्होंने कहा कि भाजपा जिलाध्यक्ष ने यह स्वीकार कर लिया है वायरल ऑडियो में हुई बातचीत का वो हिस्सा हैं। ऐसे में पुलिस किस दबाव में है। उन्होंने इस मामले में एसआईटी गठित कर इसके त्वरित निपटारे की मांग भी की। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि भाजपाईयो से जुड़े मामलों में सत्ता प्रशासन के दबाव में पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है लेकिन कांग्रेस इन मामलों को परिणाम तक पहुॅचाने तक जुटे रहेगी।

> **खास बात**
> - विधायक पर अपराध व जमीन घोटाले के मामले को लेकर किया आंदोलन




वरोध प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

#### कांग्रेस ने साक्ष्यों के साथ ज्ञापन सौंपा

थाने से लेकर एसपी कार्यालय तक का दरवाजा खटखटाने के बाद कांग्रेस ने सभी मामलों को लेकर साक्ष्यों के साथ सरगुजा रेंज के आईजी दीपक झा को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस ने ज्ञापन के साथ टेलीफोन वार्ता के वायरल ऑडियो के साथ ही न्यूज चैनल के उन क्लिप को भी पेश किया। कांग्रेस ने भिट्ठीकला जमीन घोटाले के मामले में कलेक्टर सरगुजा के उस पत्र की प्रतिलिपी भी आईजी को सौपी जिसमें तहसीलदार को इस मामले में 6 लोगों के विरुद्ध अपराध दर्ज करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसके साथ ही लखनपुर के चांदो क्षेत्र के मस्तराम मझवार नामक वृद्ध के साथ हुए जमीन धोखाघडी के मामले में उसकी ओर से थाने से लेकर पुलिस अधीक्षक तक को दिये गये आवेदन की प्रति सौंपी गयी। ज्ञापन एवं उसके साथ मौजूद साक्ष्य एवं कांग्रेस नेताओं के साथ हुई चर्चा के बाद आईजी दीपक झा ने कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया है कि इन मामलों में शीघ्र कार्यवाही की जायेगी।

## सर्पदंश से मासूम एवं बालिका की गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सर्पदंश की अलग-अलग घटनाओं में एक मासूम सहित बालिका की मौत हो गई। घर में खेलने के दौरान जहरीले सांप ने काट लिया था। बालिका की निजी अस्पताल में जबकि मासूम को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। दोनों ही मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार रामानुजगंज अंतर्गत सारंगपुर निवासी जाहुद अंसारी का दो वर्षीय पुत्री जैनब खातुन रविवार को घर में खेल रही थी। जबकि पिता राजमिस्त्री का काम करने ग्राम जांवतपुर गया था वहीं परिजन घर में काम कर रहे थे। शाम का पिता घर आया तो देखा बच्ची हाथ पकड़ कर रोने के साथ उल्टी कर रही थी। परिजन बच्ची को बलरामपुर अस्पताल लेकर गए जहां डॉक्टर ने जांच कर करैत सांप द्वारा काट लेने की बात बताई साथ ही प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन मासूम को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत बच्ची को मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना में सरगवां अंतर्गत ग्राम डिगमा निवासी नियति हाजरा आ. निवारण हाजरा (9 वर्ष) चार माह पूर्व ही मां के साथ बैकुंठपुर चरचा से घर आई थी। 4 जुलाई को घर में थी तभी जहरीले सांप ने काट लिया। परिजन तत्काल बालिका को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान रविवार को बालिका की मौत हो गई।इधर पिता निवारण नमोसूद ने पुलिस को बताया कि चार माह पूर्व पत्नी व बच्ची चरचा से सरगवां आए थे। 4 जुलाई को माइंस से छुट्टी लेकर घर आया तो पता चला की बच्ची को सांप ने काट लिया है। पुलिस ने दोनों ही मामलों में मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत

सूरजपुर जा रहे स्कूटी सवार को ग्राम कलुआ के समीप विपरीत दिशा से आ रहे वाहन के चालक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार सूरजपुर थाना अंतर्गत ग्राम पोड़ी निवासी मुकेश कुमार आ. सोनसाय (22 वर्ष) रविवार की सुबह स्कूटी से सूरजपुर क्षेत्र के कुमापुर जाने के लिए निकला था। जैसे ही स्कूटी सवार ग्राम कलुआ के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायल को सूरजपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### मार्शल वाहन की टक्कर से प्रतापपुर क्षेत्र निवासी बाइक सवार की गई जान

**प्रतापपुर।** प्रतापपुर क्षेत्र के ग्राम रनहत निवासी मनोज आ. भीम शनिवार की रात बाइक से जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार एनएच 130 राजवाड़े ढाबा के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे मार्शल वाहन चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। वाहन की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए वहीं बाइक सवार को गंभीर चोट आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मार्शल सवार नशे में धुत थे और वाहन काफी तेज गति से चला रहे थे। घटना के बाद मार्शल वाहन सवार मौके पर ही वाहन छोड़ फरार हो गए। इधर घटना स्थल में मृत बाइक सवार की पहचान मनोज गोंड और ग्राम रनहत प्रतापपुर के रूप में हुई। सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल और लखनपुर थाने पहुंचे। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है। पुलिस ने घटना कारित मार्शल वाहन को जब्त कर वाहन में सवार लोगों की तलाश शुरू कर दी है।

## डीजीपी गौतम ने दसवीं बटालियन का किया निरीक्षण

**बिश्रामपुर।** छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम सरगुजा प्रवास के दौरान रविवार को 10वीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल सूरजपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। यहां सेनानी प्रशांत कतलम सहित बटालियन के अधिकारी कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। डीजीपी ने बटालियन के कार्यालय और पूरे परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

> - जवानों से संवाद कर भविष्य की चुनौतियों से निपटने के दिए निर्देश, रुद्राक्ष का पौधा रोपकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

निरीक्षण के बाद आयोजित सैनिक सम्मेलन में डीजीपी ने अधिकारियों एवं जवानों की समस्याएं और सुझाव सुने । उन्होंने जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में नक्सल समस्या समाप्ति की ओर है, ऐसे में पुलिस बल को अब औद्योगिक क्षेत्रों की सुरक्षा, वीआईपी एवं वीवीआईपी सुरक्षा, आपदा प्रबंधन, आगजनी की घटनाओं तथा साइबर अपराध जैसी नई चुनौतियों के लिए तैयार रहना होगा। उन्होंने बताया कि इन चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सभी बटालियनों में रिफ्रेशर कोर्स संचालित किए जा रहे हैं। इनमें साइबर अपराध, नई तकनीक, फायर ब्रिगेड संचालन और अन्य आवश्यक कौशल से संबंधित प्रशिक्षण भी शामिल किया जा रहा है। डीजीपी ने वाहिनी में सेनानी की पहल पर संचालित कल्याणकारी गतिविधियों, प्रयास पुलिस बैंड, बच्चों के लिए विकसित चौपाटी, वाटर फाउंटेन और अन्य मनोरंजन सुविधाओं की सराहना की। उन्होंने बच्चों से मुलाकात कर उन्हें चॉकलेट भी वितरित किए। भ्रमण के दौरान डीजीपी अरुण देव गौतम ने पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज दीपक कुमार झा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार ठाकुर तथा 10वीं वाहिनी के सेनानी प्रशांत कतलम के साथ मंदिर परिसर में रुद्राक्ष का पौधा रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके बाद उन्होंने कनकेश्वर महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना कर पुलिस परिवार और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम के अंत में सेनानी प्रशांत कतलम ने डीजीपी को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर उप सेनानी बी.आर. भगत, सहायक सेनानी केसी टोप्पो, बी.पी. सिंह, सुधीर कुजूर, राम बहादुर शर्मा, सीसी पंकज तिवारी, सुशील तिवारी प्रमोद सिंह सहित बटालियन के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।




### तेज रफ्तार बाइक टकराई कार से, बाइक सवार की मौत

**कुसमी।** ठेकेदार अरविंद तिवारी कुसमी से कार क्रमांक जेएच 01 एफएन 6883 से सामरी की ओर चल रहे निर्माण को देखने अपने साइड जा रहे थे। जैसे ही कार सवार ठेकेदार कटई एवं गोपातु पुलिया के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से बाइक क्रमांक सीजी 30 सी 9521 सवार ग्राम दातरम निवासी प्रवीण नगेसिया आ. भकचन (35 वर्ष) काफी तेज गति से बाइक चलाते हुए सीधे कार से टकरा गया। बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कार का सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया वहीं बाइक सवार बाइक सहित सड़क की दूसरी ओर जा गिरा वहीं बाइक सवार को गंभीर चोट आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बाइक सवार प्रवीण जीएनसी कंपनी में काम करता था और शराब के नशे में धुत था।

इधर घटना की सूचना पर सामरी पुलिस एवं डायल 112 की मौके पर पहुंचे और बाइक सवार को अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया।

### भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने किया पौधरोपण

**रामानुजनगर।** भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के तत्वाधान में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक भूलन सिंह मरावी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। ग्राम पंचायत नकना शिव मंदिर परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधायक सहित भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व सदस्यों ने एक पेड़ मां के नाम पौधे लगाए। इस दौरान प्रकोष्ठ जिला संयोजक ध्यानचंद गुप्ता, पवन सिंह, शशि तिवारी, कपिल पाण्डेय, सुंदर लाल सिंह, सुमित साहू, सौभाग्य दुबे, जयप्रकाश उपाध्याय, सुमंत साहू, संजीव गुप्ता, योजित राजवाड़े, विकास दुबे, अनूप दुबे, पूजा यादव,डॉ. प्रियंका शर्मा, राजू राजवाड़े सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं ग्रामीण मौजूद रहे।












